मुंबई - शुक्रवार   दि.2 मार्च 2012

उपनगरी यात्रिओं के लिए श्वेतपत्रिका बनाएं
भाजपाईयों की रेल मंत्री से माँग

"मुंबई उपनगरी रेल सेवा के लिए वर्ष 2012-2013 के रेल बजट में एक हजार करोड रुपैयों का प्रावधान करें, चर्चगेट से डहाणू तक सीधी लोकल शुरु करें, चुंकी अब पश्चिम रेलवे की बिजली प्रणाली डीसी से एसी बनी हैं, लोकल गाडीयाँ 80 किमी प्रति घंटे रफ्तार की जगह 100 किमी प्रति घंटा दौड सकेगी, इसलिए नया टाईमटेबल बनाया जाए और सबसे अहंम माँग यह की 72 लाख उपनगरी रेल यात्रिओं के लिए प्रस्तावित सभी प्रकल्पों की अद्यतन जानकारी देनेवाली श्वेतपत्रिका बनायी जाए", ऐसा अनुरोध आज मुंबई पधारे रेल मंत्री श्री.दिनेश त्रिवेदी से भाजपा प्रतिनिधी मंडल ने किया. पूर्व रेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री.राम नाईक के नेतृत्व में रेल मंत्री से मिले प्रतिनिधि मंडल में पूर्व उपमहापौर श्री.रमेश मेढेकर तथा डहाणू की पूर्व नगराध्यक्ष व मुंबई की नवनिर्वाचित पार्षद श्रीमती मनिषा चौधरी भी शामिल थे. चर्चा के समय रेल मंत्री श्री.दिनेश त्रिवेदी के साथ रेल राज्यमंत्री श्री.मुनिअप्पा, रेल बोर्ड के अध्यक्ष, पश्चिम तथा मध्य रेल के महाप्रबंधक, मुंबई रेल विकास निगम के प्रबंध संचालक तथा महाराष्ट्र के मुख्य सचिव श्री.रत्नाकर गायकवाड और कई आला अधिकारी उपस्थित थे.

रेल मंत्री के साथ हुआी इस चर्चा की जानकारी देते वक्त श्री.राम नाईक ने कहा आठ साल बाद आज पहली बार कोई रेल मंत्री मुंबई उपनगरी रेल यात्रियों से मिलने आया है. इन आठ वर्षो में रेल यात्रिओं की संख्या 72 लाख तक पहुँची है और दुर्भाग्य की बात यह है कि प्रति दिन दस रेल यात्री रेल दुर्घटना में मारे जा रहे हैं. इन्ही आठ वर्षों में जुलाई 2005 की अतिवृष्टी तथा 2006 में रेल में हुए बम विस्फोट आदि रेल यात्रिओं की दृष्टी से बडे हादसे हुए तब भी मुंबई के रेल यात्रिओं की उपेक्षा की गयी. श्री.नाईक ने कहा कि आज हुई चर्चा में रेल मंत्री श्री.दिनेश त्रिवेदी ने मुंबई के रेल यात्रिओं की ओर अधिक हमदर्दी दिखाने का आश्वासन दिया.

उपरोक्त चार महत्वपूर्ण माँगों के साथ साथ भाजपा प्रतिनिधि मंडलने कई अनेक माँगे रेल मंत्री से की; जैसे कि सभी नौ डिब्बों की गाडिओं को बारह डिब्बों में परिवर्तित करना, महिलाओं के लिए पश्चिम रेलवे पर एक और विशेष गाडी तो मध्य रेलवे पर दो और विशेष गाडियां शुरु करना, एमयुटीपी-1 और एमयुटीपी-2 के सभी प्रलंबित प्रकल्पों को गति देना वरिष्ठ नागरिक तथा गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष आसन व्यवस्था, आदि.

"भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि मंडल की सभी माँगे जायज है, उन पर मैं संवेदनापूर्वक गौर करँगा", ऐसा आश्वासन चर्चा के अंत में रेल मंत्री श्री.दिनेश त्रिवेदी ने श्री.राम नाईक तथा अन्य भाजपाईयों को दिया.

Shetty

(निरंजन शेट्टी)
प्रसिध्दी प्रमुख